दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित 18 वर्ष तक के बच्चों के इलाज के लिए 50 लाख रु. देगी भजनलाल सरकार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आयुष्मान बाल संबल योजना का शुभारंभ करते हुए इसकी घोषणा की

- ऐसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों की देखभाल के लिए 5 हजार रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता भी दी जाएगी।
- पहले चरण में जेके लोन अस्पताल और एम्स जोधपुर को इस योजना में इलाज के लिए अधिकृत किया गया है।
- मुख्यमंत्री ने 2 हजार दिव्यांगों को स्कूटी, महिला लाभार्थियों को कार्गा इलेक्ट्रिक साइकिल तथा 14 हजार दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और उपकरण बांटे।

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी सरकार के 1 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण करने पर प्रदेशवासियों को कई योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, आयुष्मान बाल संबल और विश्वकर्मा पेंशन योजना का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित 18 वर्ष तक के बच्चों को 50 लाख रु. का उपचार आयुष्मान बाल संबल योजना में कराया जायेगा। इन बच्चों की देखभाल के लिए 5 हजार रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जाएगी। पहले चरण में जेके लोन अस्पताल और एम्स जोधपुर को इस योजना में इलाज के लिए अधिकृत किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इस योजना के पोर्टल का अनावरण भी किया। इसके साथ ही 2 हजार दिव्यांगों को स्कूटी बांटी। मुख्यमंत्री ने सीईएसएल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पहल के तहत महिला लाभार्थियों को कार्गा इलेक्ट्रिक साइकिल भी प्रदान की। उन्होंने दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर व उपकरण वितरित किए। प्रदेशभर में 14 हजार दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं उपकरण प्रदान किए।

उन्होंने प्रदेश में जरूरतमंदों के लिए मुख्यमंत्री सदभावना केन्द्र बनाने, 31 जनवरी तक आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 2.15 लाख पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के खातों में विभिन्न योजनाओं की 247.76 करोड़ रुपए की राशि का प्रत्यक्ष हस्तांतरण भी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 2 महिलाओं को 30-30 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चैक भेंट कर 5,001 परिवारों को आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त जारी की। इस योजना में 20 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई।

भजनलाल शर्मा ने 'मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना' का रिमोट से शुभारंभ किया। इसके तहत राज्य के शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंद एवं असहाय परिवार के असंगठित श्रमिकों के साथ भवन निर्माण श्रमिक, हस्तशिल्प श्रमिक, गिग वर्कर, ट्रांसपोर्ट वर्कर, केयर वर्कर, सफाई श्रमिक, घरेलू श्रमिक आदि को विशेष अल्पावधि ऋण उपलब्ध करवाकर आर्थिक संबल दिया जाएगा। इस योजना में लाभार्थी को बैंक द्वारा बिना किसी गारंटी अथवा प्रक्रिया शुल्क के 80 हजार तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 2 लाभार्थियों को 50-50 हजार रुपये की ऋण राशि के चैक प्रदान किए। प्रदेशभर में आज 11 हजार 1 स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरित किया गया।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना की शुरूआत की। इसके तहत लाभार्थी अंशदाताओं को मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन के अतिरिक्त 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 हजार रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्रों की स्थापना के कार्यों का भी आज से शुभारंभ किया। इन केन्द्रों पर नागरिक, संस्थान, वाणिज्यिक उद्यम आदि पहले उपयोग हो चुकी वस्तुएं जैसे कपडे, जूते, किताबें, खिलौने, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि जमा कर सकेंगे। जरूरतमंद व्यक्ति इन केंद्रों से अपनी आवश्यकतानुसार वांछित सामान प्राप्त कर सकेंगे। शर्मा ने कहा कि प्रदेशभर में आज से प्रारंभ कर 31 जनवरी, 2025 तक मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 813 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 50 जिला चिकित्सालयों में 3 चरणों में ये शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य शिविर की बुकलेट का भी विमोचन किया।

समारोह में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद मदन राठौड़, मंजू शर्मा, विधायक महेन्द्रपाल मीणा, रामवतार बैरवा, हमीर सिंह भायल, शत्रुघ्न गौतम, महापौर जयपुर नगर निगम ग्रेटर डॉ. सौम्या गुर्जर, महापौर जयपुर नगर निगम हैरिटेज कुसुम यादव, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका मौजूद थे।

शौर्य-शहादत को समर्पित गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों लोगों ने अर्पित कीं आहुतियां

पूर्व सैनिकों के जोश को देखकर बच्चों ने लिया सेना में जाकर मातृभूमि की रक्षा का संकल्प

जयपुर। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के साथ धनु मलमास लग गया है। मलमास में गायत्री महामंत्र की साधना का संदेश देने के लिए झोटवाड़ा की सूर्य विहार विस्तार कॉलोनी के योग पार्क में रविवार को नि:शुल्क पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धामय वातावरण में 250 से अधिक श्रद्धालुओं ने यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की।

गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी से आए यज्ञाचार्य दिनेश कुमार ने कहा कि हर श्रेष्ठ कार्य ही यज्ञ है। यह पूरा संसार ही यज्ञशाला है। जो अपने ज्ञान, समय, साधन, धन का एक अंश श्रेष्ठ कार्यों में लगा रहा हैं वह वास्तव में यज्ञ ही कर रहा है। उन्होंने प्रारंभ में गुरु वंदना, मां गायत्री की स्तुति की। देशभक्ति पूर्ण प्रज्ञा गीतों ने माहौल में जोश भर दिया। शौर्य और शहादत को समर्पित महायज्ञ का शुभारंभ राष्ट्र गान के साथ हुआ। शहीद हिम्मत सिंह के पिता किशोर सिंह शेखावत, शहीद रणवीर सिंह की मां शरबती देवी और शहीद कैप्टन योगेश अग्रवाल के परिजनों ने दीप प्रज्वलित किया। वेद माता मां गायत्री, पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, भगवती देवी शर्मा के पूजन के बाद देवी देवताओं का आव्हान कर पूजन किया गया।

युवा और बच्चों में सेना में जाकर मातृभूमि रक्षा करने का भाव जागृत करने के लिए देव पूजन के साथ शहीदों के चित्र और उन्हें मिले वीरता, शौर्य पदक का अक्षत और पुष्प से पूजन किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार, उत्थान सेवा संस्थान, पतजंलि किसान सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यज्ञ में कैप्टन शिशुपाल, कैप्टन धर्मपाल सिंह, शेखावत सूबेदार लाखन सिंह, सूबेदार इंद्रेश दुबे, सूबेदार आनंद प्रकाश स्वामी, सूबेदार नत्थूसिंह शेखावत, सूबेदार गोपालसिंह, कैप्टन उमेश शर्मा, सूबेदार जोधा सिंह, सूबेदार दीपक कौशिक सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में पुलिस कांस्टेबल की मौत

जयपुर। भांकरोटा थाना इलाके में ड्यूटी से घर लौट रहे कांस्टेबल की बाइक को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। हादसा शनिवार रात का है। ट्रेलर ओवरस्पीड में था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। रविवार दोपहर राजकीय सम्मान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। थानाधिकारी मनीष गुप्ता ने बताया कि हादसे में रामस्वरूप (55) निवासी बेगस बगरू की मौत हो गई। वह सीएम सिक्योरिटी के आईबी में पुलिस कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात थे। ड्यूटी ऑफ होने के बाद रात करीब 9:15 बजे वह बाइक से घर लौट रहे थे। कमला नेहरू पुलिया से नीचे उतरते ही पीछे से आए ओवर स्पीड ट्रेलर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। ट्रेलर लगते ही रामस्वरूप बाइक सहित रोड पर गिरकर गंभीर घायल हो गए।

एक्सीडेंट की सूचना पर भांकरोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर हालत में उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर ड्राइवर को डिटेन कर लिया है। पुलिस ने रविवार सुबह पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा में वांछित महिला गिरफ्तार

- फर्जी तरीके से बैक डेट में बीपीएड की डिग्री, अंकतालिका हासिल कर उसके आधार पर पीटीआई की नौकरी पाई थी

जयपुर। एसओजी ने कार्रवाई करते हुए शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2022 में फर्जी तरीके से बैक डेट में बीपीएड की डिग्री, अंकतालिका हासिल कर उसके आधार पर पीटीआई की नौकरी करने वाली वांछित महिला को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपित महिला से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वीके सिंह ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग जयपुर द्वारा आयोजित शारीरिक शिक्षक भर्ती 2022 में फर्जी तरीके से बैक डेटमें बीपीएड की डिग्री, अंकतालिका हासिल कर उसके आधार पर पीटीआई की नौकरी प्राप्त करने के आरोप में वांछित सुमन भारी निवासी भादरा जिला हनुमानगढ हाल राजगढ जिला चूरू हाल तृतीय श्रैणी शारीरिक शिक्षक राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय सोनियाणा, ब्लॉक रेलमगरा जिला राजसमंद को राजसमन्द पुलिस के सहयोग से उदयपुर एसओजी टीम ने गिरफ्तार किया गया है। अब तक के जांच पडताल में आरोपित महिला द्वारा शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2022 में फर्जी तरीके से बैक डेट में बीपीएड की डिग्री ,अंकतालिका हासिल कर उसके आधार पर पीटीआई की नौकरी हासिल की हैं तथा इसके अलावा आरोपित महिला द्वारा फर्जी तरीके से ताईक्वाडों एवं टग ऑफ वार खेल के प्रमाण पत्र भी हासिल किये है। फर्जी ताईक्वाडो खेल प्रमाण पत्र के आधार पर उत्कृष्ट खिलाडी के खेल कोटे से आरोपित महिला समन तृतीय श्रैणी अध्यापक भर्ती परीक्षा-2022 में भी चयनित हो चुकी है। जिसमें आरोपित महिला अपात्र कर दिया गया है। गिरफ्तार आरोपित महिला से गहन पूछताछ जारी है। इस प्रकरण में इससे पूर्व आरोपित महिला के पति शिक्षा निदेशालय बीकानेर के पूर्व कर्मचारी मन्दीप कुमार व उसके साथी कर्मचारी जगदीश सारण (सचिव, टग ऑफ वार फेडरेशन राजस्थान) को फर्जी डिग्री व फर्जी खेल प्रमाण-पत्रों के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है।जो वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे है।

किशोरी ने फांसी लगाकर जान दी

जयपुर। शिवदासपुरा थाना इलाके में 14 साल की नाबालिग लड़की ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। किशोरी के पिता का आरोप है कि एक लड़के के परिवार ने घर आकर झूठा इल्जाम लगाकर अकेली मिली बेटी को धमकाया था। पुलिस ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। शिवदासपुरा थाने में नाबालिग पीड़िता के पिता ने एक लड़के व उसके परिवार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि अचलपुरा शिवदासपुरा निवासी 14 वर्षीय किशोरी ने सुसाइड किया है। मंगलवार दोपहर परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। वह घर पर अकेली थी। पीछे से उसने कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। उसकी चाची के घर लौटने पर वह फंदे से लटकी मिली। नाबालिग बेटी के सुसाइड की सूचना पर घर पहुंचे परिजनों ने शिवदासपुरा पुलिस को घटना की जानकारी दी। शिवदासपुरा थाना पुलिस ने मौका-मुआयना कर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को महात्मा गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। शिवदासपुरा थाने में बच्ची के पिता ने एक लड़के व उसके परिवार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। पिता का आरोप है कि मंगलवार दोपहर को घर पर बेटी अकेली थी। इस दौरान आरोपी अपने परिवार के साथ घर आया था। घर आकर नाबालिग बेटी से मारपीट कर गाली-गलौज की। उनके बेटे के साथ रिलेशनशिप होने का झूठा इल्जाम लगाकर जान से मारने की धमकी दी। जिससे आहत होकर नाबालिग बेटी ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

लॉरेंस विश्नोई के नाम से 5 करोड़ की रंगदारी मांगी

बदमाशों ने इंटरनेशनल नंबर से कई बार कॉल करके जयपुर के बिजनेसमैन को धमकाया

-कार्यालय संवाददाता-

- बजरी कारोबार से जुड़े होटल संचालक ने साइबर क्राइम थाने में इस संबंध में मामला दर्ज कराया है

जयपुर। जयपुर में व्यापारी और बिजनेजमैन को धमकी देकर रंगदारी मांगने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। कमिश्नरेट पुलिस इन मामलों पर लगाम लगाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। इंटरनेशनल नम्बरों से कई कॉल एक बिजनेसमैन को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी देकर 5 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है। पीडित ने इस संबंध में साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि चित्रकूट नगर निवासी 32 वर्षीय बिजनेसमैन ने मामला दर्ज करवाया कि वह बजरी के कारोबार के साथ ही होटल भी चलाते है। उनके बिजनेस पार्टनर विकास बिश्नोई और उनके दोस्त भरत और लखविंदर का होटल मालिक भंवर यादव से होटल किराएदारी के बात को लेकर पिछले दिनों कहासुनी हो गई थी। कहासुनी से नाराज होने पर होटल मालिक भंवर यादव और उसके खिलाफ हो गए। आरोप है कि 14 दिसम्बर की रात करीब 2 बजे से उसके मोबाइल पर यूनाइटेड किंगडम के मोबाइल नंबर से कॉल आने शुरू हो गए। रात करीब 2:28 बजे कॉल उठाया। फोन उठाने पर धमकाया गया, "मैं लॉरेंस बिश्नोई गैंग का आशीष बिश्नोई बोल रहा हूं। तूने विकास, भरत और लखविंदर को जो नुकसान पहुंचाया है, उसकी कीमत तू चुकाएगा। अगर तू बचना चाहता है और अपने परिवार की सलामती चाहता है तो 5 करोड़ की व्यवस्था कर ले। सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर इन तीनों से माफी मांग ले। अगर तूने माफी नहीं मांगी और पैसे नहीं दिए तो हम कैसे काम करते है तू अच्छी तरह जानता है।" उसके बाद कॉल नहीं उठाने पर करीब 15 अलग-अलग इंटरनेशनल मोबाइल नंबरों से कॉल किया गया। जयपुर कमिश्नरेट के साइबर क्राइम थाने में पीड़ित बिजनेसमैन ने रविवार शाम मामला दर्ज करवाया है।

उत्कर्ष कोचिंग सेंटर में सीवरेज की बदबू से 10 विद्यार्थी बेहोश हुए

क्लास रूम में पढ़ाई के दौरान छात्र-छात्राओं की तबियत बिगड़ने से हड़कंप मचा

-कार्यालय संवाददाता-

- कोचिंग प्रबंधकों ने बेहोश हुए छात्र-छात्राओं को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया
- घटना की सूचना मिलने के बाद छात्र नेता निर्मल चौधर भी अस्पताल के बाहर धरने पर बैठे
- पुलिस और छात्र नेताओं में देर शाम झड़प हुई, इसके बाद कुछ छात्र नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया
- ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने उत्कर्ष कोचिंग सेंटर में फायर सेफ्टी समेत तमाम सुरक्षा मापदंडों की जांच करवाने के लिए कहा

जयपुर। राजधानी जयपुर के उत्कर्ष कोचिंग सेंटर में रविवार देर शाम 10 स्टूडेंट्स की तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गए। जानकारी के अनुसार, कोचिंग में दूसरी मंजिल पर क्लास चल रही थी। इसी दौरान सीवरेज लाइन से उठी बदबू से छात्र-छात्राओं में बेहोशी छाने लगी थी। इस पर उत्कर्ष कोचिंग क्लासेज के प्रबंधन ने 108 एंबुलेंस को बुलाया। इस दौरान अन्य छात्रों ने बेहोश छात्र-छात्राओं को कंधे पर उठाकर बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से नजदीकी प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। जहां उनकी हालत में सुधार है। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

उधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद सोमानी हॉस्पिटल के बाहर राजस्थान यूनिवर्सिटी के निवर्तमान छात्र संघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी समेत अन्य छात्र नेता इकट्ठे हो गए। निर्मल चौधरी ने लगातार कार्रवाई की मांग उठाई। इसी दौरान उनकी पुलिसकर्मियों से झड़प भी हो गई, जिस पर पुलिस ने कुछ छात्र नेताओं को हिरासत में ले लिया। इसके बाद मौके पर बिगड़े माहौल को देखते हुए देर रात पुलिस जाप्ता तैनात किया गया।

पुलिस ने बताया कि रिद्धि-सिद्धि तिराहे के पास एक बिल्डिंग में उत्कर्ष कोचिंग चलती है। रविवार शाम को कोचिंग में दूसरी मंजिल पर रूम नंबर 201 में क्लास चल रही थी। शाम करीब 6:45 बजे क्लास में पढ़ाई के दौरान एक अजीब बदबू आने के चलते क्लास में मौजूद करीब 10 छात्र-छात्राओं को बेहोशी छाने लगी। क्लास में हुई स्थिति को देखकर हड़कंप मच गया। उत्कर्ष कोचिंग क्लास के प्रबंधन ने एंबुलेंस बुलाकर बेहोशी की हालत में स्टूडेंट्स को नजदीकी प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। डॉक्टर्स का कहना है कि सभी की हालत में सुधार है। प्रारंभिक पूछताछ में बच्चों ने बताया कि अजीब बदबू आने के बाद वह बेहोश हो गए।

जैसे ही इस घटना की खबर चारों तरफ फैली तो ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने भी इस पर संज्ञान लेते हुए इस घटना की जांच करवाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि उत्कर्ष कोचिंग परिसर में फायर फाइटिंग सिस्टम सहित सभी मापदंडों को जांचा जाएगा। कोचिंग स्टूडेंट्स की सेफ्टी के हिसाब से पुख्ता इंतजाम हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा। बताया जा रहा है कि सोमानी अस्पताल में एडमिट 5 छात्राओं को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में मेडिकल कराने के लिए ले जाया गया। उधर छात्र नेता निर्मल चौधरी समेत अन्य युवक सोमानी अस्पताल के बाहर सड़क पर ही धरने पर बैठ गए और उत्कर्ष कोचिंग सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाने लगे। डॉक्टरों का कहना है कि स्टूडेंट्स ने सिर-दर्द, सांस लेने में दिक्कत, उल्टी और आंखों में जलन की शिकायत की थी। बच्चों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी। खांसी और सिरदर्द की वजह से सांस नहीं ले पा रहे थे। अभी सोमानी हॉस्पिटल में 7 बच्चे एडमिट है, जिनकी हालत स्थिर है। बाकी 2 बच्चों को उनके परिजन निजी हॉस्पिटल में ले गए। हॉस्पिटल में लाए बच्चों की हालत अभी स्थिर है। कुछ बच्चों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी, जिसके बाद उन्हें ऑक्सीजन दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद सांसद मंजू शर्मा हॉस्पिटल पहुंचीं और बच्चों से मुलाकात कर जानकारी ली। सांसद मंजू शर्मा ने बताया- बच्चों की हालत स्थिर है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सार-समाचार

लगातार 30 घंटे "सिंगिंग" से जीता अवार्ड

जयपुर। 425 से ज्यादा नग्में और 400 से अधिक लोगों के प्रयास से लगातार 30 घंटे चले सिंगिंग मेडले ने गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकार्ड्स में जगह बनाई। ये नजारा था बॉलीवुड के शो-मैन राज कपूर के 100वें जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित हुई संगीतमय सुरमाला आवारा हूं के समापन समारोह कार्यक्रम का। रोटरी क्लब जयपुर क्राउन और रोटरी क्लब जयपुर उड़ान की ओर से कार्यक्रम का रविवार शाम भव्य समापन हुआ। जहां अल्बर्ट हॉल पर चले नॉन स्टॉप संगीत मैराथन के समापन में मुख्य अतिथि के तौर पर सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा, हाथौज धाम महंत व हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य महाराज, नॉर्थ वेस्ट रेलवे सीपीआरओ कप्तान शशि किरण, रोटरी क्लब के गणमान्य डीजी राखी गुप्ता और पीडीजी अजय काला ने शिरकत की। साथ ही इवेंट चेयरमैन विशाल गुप्ता और डायरेक्टर विनोद गर्ग ने सभी सम्मिलित गणमान्यों का भावभीनी धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी संगीतकारों को उनके सहयोग और लोगों के लिए आनंदमय समां बांधने के प्रयास के लिए सम्मान किया गया।

यज्ञोपवीत संस्कार 15 जनवरी को

जयपुर। ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से आगामी 15 जनवरी को उपनयन यज्ञोपवीन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन चौमूं में किया जाएगा। इसका निर्णय रविवार को ब्राह्मण समाज राजस्थान के सीकर रोड स्थित प्रधान कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक की अध्यक्षता में हुई कोर कमेटी की बैठक में लिया गया। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने कहा कि संगठन की ओर से समय समय पर उपनयन संस्कार शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। इस कड़ी में यह सातवां शिविर है जो चौमूं के मोरीजा रोड स्थित कागल्या वाला बालाजी में होगा। प्रदेश अध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने बताया कि बैठक में कार्यक्रम के लिए जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी को संयोजक बनाया गया है। साथ ही पूरी जिला कार्यकारिणी को भी कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान महिला मोर्चा की अध्यक्ष डॉ. शारदा शर्मा ने कहा की उपनयन संस्कार के कार्यक्रम को अब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करने पर विचार किया जा रहा है।

सीएम के जन्मदिन पर 54 यूनिट रक्तदान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस पर सन एंड मून टावर प्रांगण विद्याधर नगर में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जलदाय विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, राजस्थान सांस्कृतिक युवा मंच के अध्यक्ष एवं सन एन मून रियल स्टेट ग्रुप के मैनेजर भरत सिंह राजावत, एवं सन एन मून व्यापार मंडल के प्रमुख पदाधिकारी मुकेश बागड़ा, भगवान सहाय शर्मा, दशरथ सिंह राजावत, नरेंद्र सिंह शेखावत, महेंद्र सैनी, लोकेश जांगिड़, हरीश सुखदेव राजपुरोहित प्रकाश के तत्वावधान में आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में 54 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। शिविर में रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता और परोपकार की भावना को बढ़ावा मिलता है। रक्तदान शिविर में नवोदय फ़ैमिली वर्ल्ड वाइड के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम नारनोलिया, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मैनेजर प्रभाती लाल, तथा बाबूलाल शर्मा ब्रह्मदेव शर्मा सुरेश शर्मा गेगराज सैनी देवेन्द्र सिंह जलदाय विभाग एवं समाजसेवी जितेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

दो बाइक टकराई, बुजुर्ग की मौत

जयपुर। आदर्श नगर थाना इलाके में दो बाइकों के बीच भिड़ंत में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक उमेश पालीवाल के बेटे पुनीत की रिपोर्ट पर आदर्श नगर थाना पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ शिकायत दर्ज की। दुर्घटना की जांच सड़क दुर्घटना इकाई पूर्व की टीम कर रही है। पीड़ित पुनीत पालीवाल निवासी सी 112 सेठी कॉलोनी आदर्श नगर ने मामला दर्ज करवाया कि 8 दिसम्बर रविवार को सुबह उनके पिता उमेश पालीवाल गोविंद देव जी के दर्शन करने के लिए घर से निकले थे। दर्शन कर घर वापस लौटने के दौरान भूरिया की प्याऊ के नजदीक गलत दिशा के आ रही बाइक ने उमेश पालीवाल की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद उमेश पालीवाल सड़क पर गिरे और लहूलुहान हो गए। जिसे देख कर बाइक सवार व्यक्ति मौके से भाग निकला। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुनीत पिता को घायल अवस्था में एसएमएस ट्रॉमा सेंटर लेकर गया, जहां उपचार शुरू किया। परंतु दोपहर करीब 1.50 बजे उमेश पालीवाल की उपचार के दौरान मौत हो गई।

मंदिर प्रांगण में 70 यूनिट रक्तदान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर ठिकाना मंदिर श्री गोविंददेवजी के तत्वावधान में संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल के सहयोग से मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। मंदिर महंत श्री अंजन कुमार गोस्वामी ने मेडिकल टीम और रक्तदाताओं का दुपट्टा, प्रसाद और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

आम सुचना सर्वसाधारण एंव खास अनिल अग्रवाल पुत्र श्री श्यामबिहारी अग्रवाल नि. एस-31, टैगोर पथ केपी ऑटोमोबाईल के पीछे, मानसरोवर जयपुर को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य देवीलाल पुत्र भागीरथ गुर्जर नि. ग्राम चांदरमूल तह. मौजमाबाद जिला दूदू के नाम दर्ज खातेदारी कब्जेकाश्त स्वामित्व आधिपत्य की भूमि ख.न. 567/49 रकबा 0.16 है. एवं ख.न. 566/46 रकबा 0.28 है. हिस्सा 9/28 ग्राम चांदरमूल के बाबत आपको दिनांक 09.09.2024 को दिया गया मुख्त्यारनामा आम / अधिकार पत्र जो की दिनांक 09.09.2024 को रजिस्टर्ड उपपंजियक कार्यालय दूदू में पंजिबद्ध किया गया था। उक्त मुख्त्यारनामा / अधिकारपत्र को मेरे अभिभाष्य द्वारा विखण्डीत निरस्त एवं समाप्त दिनांक 04.12.2024 को किया जाकर उपपंजियक कार्यालय दूदू में पंजिबद्ध करवाया जा चुका है। उक्त भूमि के संदर्भ में आपको प्रदत्त समस्त अधिकार समाप्त मुख्त्यारनामा निरस्त किया जा चुका है। एवं आपको स्वतन्त्र कर दिया गया है। उक्त भूमि के संदर्भ में कोई भी संव्यवहार नहीं करे। मेरा अभिभाष्य आपके द्वारा तहरीर एवं तकमील किसी भी संव्यवहार से बाध्य नहीं होगा। सुचित रहे।
भैरूलाल शर्मा, एडवोकेट, दूदू जिला दूदू राज.
मो.-9829372772

SBI Life
अपने लिए, अपनों के लिए.
सूचना
एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसबीआई लाइफ) एतद्वारा व्यवसायिक भवन, लीज आधार पर भूस्वामियों से निम्न व्यापक संभावनाओं की पूर्ति हेतु प्रस्ताव निविदाएं आमंत्रित करता है।
1. भवन सभी ऋण भार से स्वतंत्र एवं तुरंत कब्जे हेतु उपलब्ध होना चाहिए ।
2. भवन कामर्शियल इलेक्ट्रिक कनेक्शन की व्यवस्था सहित व्यावसायिक भवन होना चाहिए एवं अग्निशमक एनओसी, व्यवसायिक सर्टिफिकेट, भवन का बीमा जिसमें समुचित और बाधा रहित बिजली एवं जल वितरण, साइनेज का स्थान, पार्किंग एवं आधुनिक फायर फाईटिंग सिस्टम, कारों की पर्याप्त पार्किंग इत्यादि की सुविधा होनी चाहिए ।
3. परिसर अलवर के प्रमुख क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर होना चाहिए।
4. भवन का कॉरपेट एरिया लगभग 3245 वर्गफिट होना चाहिए।
इच्छुक निविदाकर्ता निविदा का प्रारूप को हमारी वेबसाइट www.sbilife.co.in (https://www.sbilife.co.in/en/services/download-centre- RFP forms) से प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरा हुआ फार्म तकनीकी निविदा एवं प्राइस बिड अलग-अलग सील बंद लिफाफो में "दी रीजनल डायरेक्टर, जयपुर, एस.बी.आई. लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, द्वितीय तल, एआरजी कॉर्पोरेट पार्क, प्लॉट नंबर 8 एवं 9, गोपालबाडी, जयपुर, राजस्थान - पिन - 302001", फोन : 0141-4256600 दिनांक 30-12-2024 तक या पहले पहुँच जाने चाहिए।
एसबीआई लाइफ के पास किसी भी आवेदन को बिना कारण बताए स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है।
दिनांक:- 16-12-2024 स्थान- जयपुर
उक्त प्रदर्शित किया गया ट्रेड लोगों भारतीय स्टेट बैंक से संबंधित है तथा लाइसेंस के अंतर्गत एसबीआई लाइफ द्वारा उपयोग किया जा रहा है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पंजीकृत एवं कारपोरेट कार्यालय: नटराज, एमवी रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400069 आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 111, सीआईएन: L99999MH2000PLC129113 वेबसाइट: www.sbilife.co.in ई-मेल: info@sbilife.co.in टॉल फ्री नं.: 1800 267 9090 (ग्राहक सेवा समय : 24X7)